

## कृषि भूमि और सड़कों को भारी नुकसान

**संवाददाता** पोखरी। बुधवार रात से बारिश के कारण हापला घाटी में जनजीवन अस्तव्यस्त है। तहसील के ग्राम नैल–नौली, गुड़म, मसोली, कलसीर समेत कई गांवों में कृषि भूमि और सड़कों को भारी नुकसान पहुंचा है। यही नहीं, ताली कंसारी में सड़क निर्माण के मलबे से ब्राहमणथाला कई मकान खतरे की जद में आ गए हैं। कच्ची सड़क की तो बात ही छोड़ो, पक्की सड़कों की भी मलबा आने से हालत खराब है। सामाजिक कार्यकर्ता देवेन्द्र सिंह राणा व तेजेंद्र नेगी ने बताया कि दुवियाणा तोक के 22 परिवार पहले से ही भूस्खलन की जद में हैं।

# समाप्त होने का नाम नहीं ले रही लीकेज की समस्या

### जल संस्थान की तमाम कवायद बेअसर साबित

हरिद्वार। **संवाददाता**

पेयजल लाईनों में लीकेज की समस्या समाप्त होने का नाम नहीं ले रही है। शहर भर में जगह–जगह पेयजल लाईनों में लीकेज की वजह से रोजाना हजारों गैलन पानी सड़कों पर बेकार बह रहा है। पेयजल लाईनों की लीकेज बंद करने की जल संस्थान की तमाम कवायद बेअसर साबित हो रही है। विभाग एक जगह लीकेज बंद करने का दावा करता है तो दूसरी और दर्जनों नयी जगह पर लीकेज शुरू हो जाती है। एक और जहां पानी सड़कों पर बेकार बहने की वजह से कई इलाकों में पेयजल की किल्लत बनी रहती है।

वहीं दूसरी और पेयजल लाईनों में लीकेज के चलते कई क्षेत्रों में नलों से दूषित पानी आने की समस्याएं भी लगातार सामने आ रही हैं। न्यू हरिद्वार मार्ग पर महीनों से पेयजल लाईन लीक है और पानी सड़क पर बह रहा है। दिनरात पानी बहने से सड़क भी क्षतिग्रस्त हो रही है। स्थानीय लोग कई बार जल संस्थान में शिकायत दर्ज करा चुके हैं। लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं हो रहा है।

उपनगरी ज्वालापुर पेयजल लाईनों में लीक से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र है। ज्वालापुर के तमाम इलाकों में पेयजल लाईनें जर्जर होने के कारण रोजाना लीकेज की समस्या बनी रहती है। पेयजल लाईनों में लीकेज की वजह से घरों में दूषित पेयजल आने की समस्या से लोग परेशान हैं। ज्वालापुर के नीलखुदाना, पांव धोई, त्रिमूर्ति नगर के अलावा सुभाष नगर में भी लीकेज व दूषित पेयजल आने की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। वार्ड 44 के पार्षद के जफर अब्बासी ने बताया कि वार्ड में पेयजल लाईन पुरानी व जर्जर हो चुकी है। जगह जगह पानी लीक हो रहा है। जल संस्थान में कई बार लीकेज के संबंध में शिकायत दर्ज करायी गयी। लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। जिन क्षेत्रों पेयजल लाईनें पुरानी हो चुकी हैं, उन्हें तुरंत बदला जाए।

**प्रभावित क्षेत्र**

उपनगरी ज्वालापुर पेयजल लाईनों में लीक से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र है।



न्यू हरिद्वार मार्ग पर लीकेज के चलते सड़क पर बहता पानी।

## सुपरफास्ट खबरें

### सीएम ने 'श्रीकृष्ण जन्माष्टमी' के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई दी

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने 'श्रीकृष्ण जन्माष्टमी' के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई दी है। इस अवसर पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने मनुष्य को निष्काम कर्म के लिए सदैव समर्पित रहने, दीन–दुखियों एवं समाज के उपेक्षित वर्ग के कल्याण तथा अन्याय के विरुद्ध प्रतिकार करने का संदेश दिया है। उनका जीवन सम्पूर्ण मानव जाति के लिए प्रेरणादायी है।

### ग्रामीणों ने सीईओ कार्यालय में किया प्रदर्शन

**संवाददाता** गोपेश्वर। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किमाणा को जखोला इंटर कालेज में विलयीकरण के विरोध में किमाणा के ग्रामीणों ने मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने किमाणा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को पृथक संचालन की मांग की है। ग्रामीणों ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को लिखित रूप से अवगत कराया कि किमाणा में वर्ष 2006 में जूनियर हाईस्कूल की स्थापना की गई।

### मौसम बना बाधक फिर भी आपदा प्रभावित गांवों में बचाव एवं राहत कार्य जारी

# आपदाग्रस्त गांव से नहीं हो पाया गर्भवती का हेली रेस्क्यू

नैनीताल। **संवाददाता**

उत्तरकाशी। उत्तरकाशी जिले के आपदा प्रभावित क्षेत्र आराकोट न्याय पंचायत में एक गर्भवती की तबीयत बिगड़ गई। मौसम की खराबी की वजह से उसे हेली रेस्क्यू नहीं किया जा सका। अब शुक्रवार को फिर से हेली रेस्क्यू कर महिला को अस्पताल तक लाने का प्रयास किया जाएगा।



फाइल फोटो।

दरअसल, उत्तरकाशी जिला मुख्यालय से करीब सवा दो सौ किलोमीटर दूर स्थित चिवां गांव में पांच दिन आपदा ने तबाही मचाई थी। यहां तक पहुंचने वाले सभी मोटर और पैदल मार्ग अवरुद्ध हैं। हालात ये बन गए थे कि आपदा के बाद रेस्क्यू टीमों को यहां तक पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। आपदा के 30 घंटे बाद यहां रेस्क्यू टीम को हेली ड्रॉप किया गया था।

इसी गांव के एक तोक में बुधवार रात एक गर्भवती की तबीयत बिगड़ गई। सुबह तक इंतजार करने के बाद परिजनों ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई। इस पर गर्भवती को एयरलिफ्ट करने की योजना बनी। मोरी से वायु सेना के हेलीकॉप्टर ने उसे लाने के लिए उड़ान भरी, लेकिन लैंडिंग की समस्या के चलते यह संभव नहीं हो पाया। इसके तय हुआ कि महिला को कुछ दूरी पर स्थित दूसरे गांव बलावट पहुंचाया जाएगा और वहां से उसे एयर लिफ्ट किया जाएगा। यहां हेलीकॉप्टर लैंडिंग संभावना को देखते हुए यह योजना बनी।

इस पर एसडीआरएफ की टीम ने महिला को बलावट स्थित राहत शिविर तक पहुंचाया, लेकिन दोपहर बाद मौसम की खराबी की वजह से मोरी से हेलीकॉप्टर उड़ान नहीं भर पाया। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार बलावट गांव में महिला के रिश्तेदार भी रहते हैं, फिलहाल उसे उनके घर पर ठहराया गया है। शुक्रवार सुबह उसे एयर लिफ्ट करने के लिए फिर से प्रयास किया जाएगा। बताया गया कि गर्भवती की डिलीवरी तारीख नजदीक है।

### ग्रामीण बोले, साहब! आप सड़क खोल दो, राशन हम ले आएंगे

उत्तरकाशी। आराकोट क्षेत्र के आपदा प्रभावितों की सबसे पहली मांग सड़क खोलने की है। बुधवार को मोल्डी गांव में हेलीकॉप्टर क्रैश होने के बाद ग्रामीण जिलाधिकारी समेत राहत मजिस्ट्रेट से बोले, साहब! हम राशन बाजार से खुद ही खरीदकर ले आएंगे, बस! आप हमारी लाइफ लाइन को सुचारु करवा दीजिए। वे कहते हैं, ग्रामीणों ने जिला आपदा प्रबंधन और डीएम से यही गुहार लगाई है कि जैसे भी हो जल्द से जल्द क्षतिग्रस्त सड़क और पुलों को दुरुस्त किया जाए।

### जनभावनाओं से खिलवाड़ कर रही प्रदेश सरकार

**संवाददाता** सोमेश्वर। प्रदेश सरकार को आम आदमी की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं रह गया है। आम आदमी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा है और प्रदेश सरकार पूंजीपतियों को बढ़ावा देने के अलावा और कोई काम नहीं कर रही है। प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों को किसी कीमत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जरूरत पड़ी तो सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर कर संघर्ष किया जाएगा।

कांग्रेस पार्टी की सोमेश्वर इकाई की बैठक को संबोधित करते हुए यह बात पार्टी के जिलाध्यक्ष पीतांबर पांडे ने कही। पांडे ने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी की समस्या लगातार पलायन का कारण बन रही है। लेकिन इसके बाद भी प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार देने के बजाय उनका हक छीनने का प्रयास कर रही है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि तहसीलों में अधिकारी मौजूद न होने के कारण विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। लेकिन सरकार कादमकों की तैनाती करने में भी असफल साबित हो रही है।




प्रदर्शन करते भावाधस कार्यकर्ता।

### भावाधस ने की धारावाहिक का प्रसारण बंद किए जाने की मांग

हरिद्वार। कलर्स चैनल पर प्रसारित किए जा रहे धारावाहिक 'राम सिया के लवकुश' में महर्षि वाल्मिकि के विषय में गलत तथ्य प्रस्तुत कर उनकी छवि धूमिल किए जाने का आरोप लगाते हुए भारतीय वाल्मिकि धर्म समाज के कार्यकर्ताओं ने देवपुरा चौक पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद भावाधस कार्यकर्ताओं ने सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भी प्रेषित किया। प्रदर्शन के दौरान भावाधस के राष्ट्रीय मंत्री वीर हंसराज कटारिया ने कहा कि धारावाहिक राम सिया के लवकुश में भगवान वाल्मिकि की पावन छवि को धूमिल किया जा रहा है।

# रानीखेत खैरना स्टेट हाइवे पर पत्थरों की बारिश

**मजबूरी**

बढ़ते खतरे के बीच यात्रा करना लोगों की मजबूरी

रानीखेत। **संवाददाता**

बीते दिनों से लगातार हो रही बारिश से भूस्खलन का खतरा बढ़ गया है। अल्मोड़ा–हल्द्वानी हाईवे व रानीखेत खैरना स्टेट हाईवे पर जर्जर हो चुकी पहाड़ियों से लगातार पत्थर गिरने के कारण आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बढ़ते खतरे के बीच यात्रा करना लोगों की मजबूरी बन गई है।

हाईवे पर डेंजर जोन पाडली, दोपाखी, रामगाढ़, भौर्या बैंड, लोहाली, जोरासी आदि क्षेत्रों में बारिश के साथ ही जर्जर पहाड़ियों से पत्थर व मलबा गिरने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। वहीं रानीखेत खैरना स्टेट हाईवे पर भुजान, पातली, बजोल, बमस्यूं आदि क्षेत्रों में पहाड़ी से लगातार पत्थर गिर रहे हैं। पाडली क्षेत्र में पत्थर गिरने से हाईवे कुछ देर बाधित भी रहा। यात्रियों ने जान जोखिम में डाल पत्थर हटाए तब जाकर यातायात सुचारू हो सका।

टाटा सूमो पर गिरा पत्थर, यात्री सुरक्षित कोसी घाटी के सुदूर ऊंचाकोट से रामनगर सवारी लेकर जा रही टाटा सूमो पर पहाड़ी से पत्थर गिर गया। संयोगवश कोई चोटिल नहीं हुआ और बड़ा हादसा टल गया। ऊंचाकोट (बेतालघाट) निवासी विनोद कुमार टाटा सुमो यूए 04 डी 0584 को लेकर रामनगर को रवाना हुआ। रामनगर बेतालघाट मोटर मार्ग पर पापड़ी के समीप पहाड़ी से एकाएक पत्थर वाहन के अगले हिस्से में आ गिरा। जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया।